Rajasthan Patrika (Suppl.: Parivar)

EDII

April 6, 2022
Pg.I

बड़े की जगह छोटे प्लेटफॉर्म के साथ ही बढ़ाएं अपना नया व्यापार

'पत्रिका' की पहल
बिजनेस बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाओं को मिल रही बिजनेस बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग।

जब भी कोई व्यापार शुरू करें तो बड़े पार्टनर या प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन-फ्लिपकार्ट आदि के साथ काम करने की जगह फेसबुक, मीशो, वाट्सऐप और इंस्टा जैसे सोशल प्लेटफॉर्म के साथ आगे बढ़ें। बड़े कॉमर्शियल प्लेटफॉर्म पर पहले से हजारों लोग काम करे रहे हैं। वहां नए लोगों को कम मौके मिलते हैं, साथ ही पैसे भी देने पड़ते हैं। इसलिए छोटे प्लेटफॉर्म्स के साथ काम करें। यहां मौका अधिक मिलेगा और गलती होने पर नुकसान भी कम होगा। यह बात ईडीआइआइ की प्रोजेक्ट लीडर कीर्ति प्रजापति ने बिजनेस बूस्टर में महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण देते हुए कही।

प्रोडक्ट में नयापन हो

उन्होंने कहा कि जब नया काम करते हैं तो प्रोडक्ट भी नयापन लिए हो। पहले से रिसर्च कर लें कि उनका प्रोडक्ट कैसे दूसरों से अलग है और किस वर्ग के लिए है। फिर उस वर्ग को ध्यान में रखते हुए ही उसका मूल्य तय करें। अगर कस्टमर को ध्यान में रखकर मूल्य तय नहीं करेंगी तो व्यापार नहीं चल पाएगा।

फीडबैक लेकर सुधार जरूर करें

प्रोडक्ट के बारे में कस्टमर से फीडबैक फॉर्म जरूर भरवाएं और उसमें जरूरी सुधार करवाएं। अगर कोई प्रोडक्ट अच्छा भी चल रहा है तो भी समय-समय पर इसमें इनोवेशन की जरूरत होती है, ध्यान रखें।